ont>

Title: Need to construct a railway overbridge near Purnia junction, Bihar. − Laid.

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव (पूर्णिया): अध्यक्ष महोदय, बिहार में पूर्णिया मेरा संसदीय क्षेत्र है। पूर्णियां मुख्यालय में गुलाबबाग देश के बड़ी मंडियों में से एक है। गुलाबबाग के निकट पूर्णियां जंक्शन के पास रेलवे ओवर ब्रिज नहीं रहने पर घंटों सड़क जाम रहता है। मैंने माननीय रेल मंत्री से उक्त ओवर ब्रिज बनवाने का आग्रह किया था, परन्तु परिणाम शून्य रहा। मैं पुनः सदन में माननीय रेलमंत्री एवं माननीय भूतल परिवहन मंत्री से आग्रह करता हूं कि उक्त ओवर ब्रिज का शीघ्र निर्माण जनहित में कराया जाये।

____